उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः 52/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांक : 29 अप्रैल, 2024

विज्ञप्ति

असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के विज्ञापन दिनांक 04 दिसम्बर, 2021, विज्ञप्ति दिनांक 19 जनवरी, 2022 एवं दिव्यांगजन के पदों हेतु शुद्धिपत्र दिनांक 23 दिसम्बर, 2022 द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों में अंकित ए0पी0आई0 स्कोर के आधार पर **असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल (Geography)** के लिए संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 04 मार्च, 2024 को घोषित किया गया, जिसमें सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 18 मार्च, 2024 तक अभिलेख प्राप्त किये गये थे। प्राप्त अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में **असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल (Geography)** विषय के लिए अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूचना से संबंधित सूचियों को आयोग की **Website: psc.uk.gov.in पर** प्रसारित किया गया है। अनर्ह सूची एवं अधिमानी अर्हता सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को साक्ष्यों सहित **दिनांक 13 मई, 2024 (सोमवार)** तक अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। अन्तिम तिथि **13 मई, 2024 (सोमवार)** के पश्चात् अभ्यर्थियों के इस विषय में प्राप्त किसी भी अभिलेख/प्रत्यावेदन/प्रमाण–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

-Sd/
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।